हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 15 मई 2024
बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

MOTION BHILAI

मोशन है, तो भरोसा है।

India 's Best IIT-JEE I NEET I Foundation Coaching Institute

Highest Selection Ratio (NEET)

Total Student Qualified in 2023
6492 / 7084 = 91.64%

Total Student Qualified in 2022
4837 / 5356 = 90.31%

Rank 30 Vaibhav Sinha

Rank 71 Navya Mishra

Rank 94 Palak Nishant Shah

Rank 77 Govind Meena ST Category Rank


28 Students under 1000 Ranks & 435 Students under 10000 Ranks in NEET 2023

Once Again At NEET
MAKE IT COUNT WITH US !
LEADER BATCH
STARTING FROM
1ST JUNE 2024
ADMISSION OPEN




ADMISSION ANNOUNCEMENT Session 2024-25
(Full-Time Classroom Program)

Target: JEE/NEET 2026
**Nurture Batch**
Class 10th to 11th Moving
Batch at initial stage

Target: JEE 2025
**Achiever Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: NEET 2025
**Leader Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: Olympiads & Board
**Foundation Batch**
Class 6th to 10th Moving Students
Batch at initial stage

MOTION

7970222201 / 7440200990
STUDY CENTER (BHILAI) : 152, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI, CHHATTISGARH 490006
Follow us : facebook.com/motionbhilaiiitjee instagram.com/motionbhilai

## सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरुरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरुरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि-

1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट-एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी** – सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12-14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें** –विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र-छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12-14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे-अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे-अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें** – माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय-समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत**– आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन-भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है -

**फाउंडेशन कक्षा** – 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।

**कक्षा – 11** के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.-2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा – 12** के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT एवं JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.-2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.**–ड्रॉपर्स के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है । हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 - न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

**–नितिन पंड्या**
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नगर के खमरिया स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल के 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों एवं उनके पालकों और शिक्षकों में प्रसन्नता की लहर है। जहां एक ओर कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने शत- प्रतिशत रिजल्ट देकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, वहीं 12वीं के विज्ञान और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया।

विद्यालय के कक्षा 10वीं व 12वीं के टॉपर्स विद्यार्थियों के नामों की सूची में कक्षा 10वीं से ओज गेहानी 94%, वंशिका मंधानी 93%, साक्षी टंडन 91%, दीपाली बर्मन 91%, प्राजकता उपाध्याय 90%, ओम विश्नोई 88.2%, अनय अग्रवाल 86.2%, धैर्य अग्रवाल 84.2%, निधि बंजारा 84%, स्नेहा गुप्ता 84%, प्रार्थना आर्या 83.2%, अनुराग माथुर 81%, ओमेश साहू 81% और युक्ता वर्मा 80%। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में रीतेश अच्छरा 87%, जाह्नवी गोस्वामी 85% और हर्षा शर्मा 82% अंक प्राप्त किए हैं। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल इन दोनों कक्षाओं के परिणामों से अत्यंत हर्षित है।

विद्यालय प्रबंधक अश्वनी शर्मा, सह- प्रबंधक संदीप गोयल, प्रधानाचार्य योगेश पोपट तथा समस्त शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों शुभकामनाएं दीं।

## ड्रग्स जब्त, दिल्ली के पांच आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने दिल्ली के चार युवक तथा एक युवती को ड्रग तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस मंगलवार को अहम खुलासा कर सकती है। जानकारी के मुताबिक एसीसीयू को दिल्ली से तस्करी कर ड्रग लाने की मुखबिर से सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ड्रग तस्करों को पकड़ने के लिए सक्रिय हुई। सूत्रों के मुताबिक तस्करी कर ड्रग्स लाने की सूचना मिलने पर पुलिस को एक और जानकारी मिली कि एक जगह कुछ युवक तथा युवती ड्रग्स का सेवन कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छापे की कार्रवाई की, तब पुलिस को पता चला कि जो युवक ड्रग्स का सेवन कर रहे हैं, वो दिल्ली से आए हुए हैं।

## पेज 11 के शेष

### चोरों तक पहुंचने ....

प्रियेश जान प्रभारी साइबर सेल के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण एवं भाटापारा शहर की विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र अंतर्गत चोरी में पकड़े गए पूर्व आरोपियों का रिकॉर्ड खंगालने के साथ-साथ, घटनास्थल के आसपास घटना दिनांक या उससे पूर्व आने-जाने वाले एवं घूमने वाले लोगों के संबंध में भी सड़क मार्ग तथा आसपास भवनों में लगे CCTV फुटेज का अवलोकन किया जा रहा था।

### रायल इनफील्ड बाइक....

चोरी में चोरी में इस्तेमाल दो लोहे का राड तथा मोटर साइकिल जब्त की गई है। सभी प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी में साइबर सेल से प्रधान आरक्षक भारत भूषण पठारी, आरक्षक गोपाल पाल, अजय यादव, अभिनव चौबे, यशवंत यादव, अरविंद कौशिक, थाना भाटापारा शहर से प्रधान आरक्षक भूखन वर्मा आरक्षक उमेश वर्मा, विजय शंकर ठाकुर, लोरिक शांडिल्य, दिनेश कुमार नेतम, राम स्नेही, दुर्गेश साहू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## वनभैंसों को कूल रखने लगाए गए कूलर के साथ ग्रीन नेट

# दो वनभैंसों का गला तर करने पानी पर फूंके साढ़े चार लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जंगल में मोर नाचा किसने देखा की कहावत को चरितार्थ करते हुए छत्तीसगढ़ का वन महकमा देखा जा सकता है। दरअसल पूरा मामला चार वर्ष पूर्व असम स्थित मानस नेशनल पार्क में रेस्क्यू किए गए दो मादा वनभैंसो के लिए पानी की व्यवस्था करने साढ़े चार लाख रुपए की राशि खर्च करने का मामला सामने आया है।

गौरतलब है, राज्य में राजकीय पशु वनभैंसा की संख्या बढ़ाने असम स्थित मानस नेशनल पार्क से वर्ष 2019-20 में दो मदा वनभैंसा लाने की योजना बनाई गई। इसी योजना के तहत वनभैंसा लाने असम में बोमा बनाया गया। बोमा बनाने में लाखों रुपए खर्च कर दिए, जिसका हिसाब विभाग के पास नहीं है। असम में जो वनभैंसा रेस्क्यू किए गए थे, उन वनभैंसों को दो महीने तक बोमा में रखा गया था। बोमा में रह रहे वनभैंसों के लिए पानी की व्यवस्था करने दो माह में चार लाख 60 हजार रुपए खर्च किए गए। इस संबंध में अफसरों से संपर्क कर जानकारी जुटाने की कोशिश की गई, लेकिन अफसर इस संबंध में कुछ भी बोलने से बचते नजर आए।

- नए नियम के मुताबिक सेंचुरी में ब्रीडिंग सेंटर बनाने पर रोक के बावजूद वन विभाग वनभैंसों को छोड़ने की जगह पाल रहा



### ब्रीडिंग सेंटर पूरी तरह से अवैध

केंद्र सरकार ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में संसोधन करते हुए आदेश जारी किया है कि एक अप्रैल 2023 के बाद नेशनल पार्क, अभयारण्य में किसी तरह से ब्रीडिंग सेंटर नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में बारनवापारा में वनभैंसों के लिए बनाया गया ब्रीडिंग सेंटर पूरी तरह से अवैध है। असम से लाए गए वनभैंसों का क्या करना है, इस पर वन विभाग को निर्णय लेना होगा। केंद्र के आदेश के बाद उदंती-सीतानदी में संचालित वनभैंसा ब्रीडिंग सेंटर को बंद कर दिया गया है।

*कूलर के साथ ग्रीन नेट : असम से एक नर तथा एक मादा वनभैंसा लाने के बाद वर्ष 2023 में और चार सब एडल्ट मादा वनभैंसा लाया गया है। उन वनभैंसों को रखने के लिए बारनवापारा अभयारण्य में बाड़ा बनाया गया है। साथ ही वनभैंसों को कूल रखने आधा दर्जन कूलर खरीदी करने के साथ ग्रीन नेट लगाने तथा बाड़ा बनाने में 15 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है। इसके साथ ही वर्ष 2020 तथा वर्ष 2023 में वनभैंसों को परिवहन कर बारनवापारा लाने 58 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है।*

### विभागीय अफसरों का यह कहना

विभागीय अफसरों के मुताबिक असम के मानस नेशनल पार्क में वनभैंसों के लिए पानी के लिए चार लाख 56 हजार 580 रुपए की राशि आबंटित की गई थी, उक्त राशि में से दो एचपी के सोलर पंप लगाकर पानी की व्यवस्था की गई थी। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी हासिल करने वाले वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी के मुताबिक वनभैंसा की वंश वृद्धि करने वन विभाग का प्लान पूरी तरह से फेल हो गया है। वनभैंसों के रखरखाव में वन विभाग ने पिछले चार वर्षों में कितनी राशि खर्च की है, इसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए।

**न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. अ/74वर्ष 2022-23**
**पक्ष, कन्हैयालाल पिता सुधेराम देवांगन**
**मौजा ग्राम सिंघोरा, प.ह.नं 23**
**रा.नि.म. व तहसील पलारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्हैयालाल पिता सुधेराम देवांगन जाति कोष्टा ग्राम सिंघोरा, तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सिंघोरा प.ह.न. 23 स्थित भूमि कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.445 हे भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक आवेदक के नाम पर संयुक्त खाते में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो चुका है इसलिए आवेदक द्वारा उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन मय, शपथ पत्र, थाना रिपोर्ट, बी-1 सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 24.05.2024 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 30.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार पलारी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी जिला- बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

**ईश्तहार**

**क्रमांक /199/ना. तह. / वा./2024**
**सण्डी, दिनांक 22/04/2024**
**रा.प्र. क्र. ब / ब121 वर्ष 2023-24**
**प.ह.नं. 39 ग्राम फुण्डरडीह तहसील पलारी**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष यादव पिता स्व. सुखउ जाति रावत निवासी फुण्डरडीह उप तहसील सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम फुण्डरडीह प.ह.नं. 39 उप तहसील सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा में आवेदक अपने पिता सुखउ यादव उर्फ बिसाहू पिता रामसिंग का मृत्यु दिनांक 15/06/1985 को ग्राम फुण्डरडीह में हुआ था। जिसका मृत्यु पंजीयन रजिस्ट्रार / सचिव ग्राम पंचायत फुण्डरडीह में अज्ञानता वश नहीं करवा पाया है। अतः रजिस्ट्रार / सचिव जन्म पंजीयन ग्राम पंचायत फुण्डरडीह में किये जाने हेतु आवेदनमय पंचायत का अनुलब्धता प्रमाण पत्र, शपथपत्र ऋण पुस्तिका की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम दिनांक 17/05/2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी)**

Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133



MDHL_BHOOMI-15_2024-01_Layout 1 5/14/2024 11:32 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 15 मई 2024

10 दो वनभैंसों का गला तर करने पानी पर फूंके साढ़े चार लाख



12 शिव महापुराण के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा





# हरा सोना पर बेमौसम बारिश का ग्रहण, ठेकेदारों की बढ़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों हरा सोना कहे जाने वाले तेंदुपत्ता वनोपज की खरीदी में बेमौसम बारिश का असर देखने को मिल रहा है। माना जा रहा है कि इस साल तय लक्ष्य से तेंदूपत्ता की खरीदी कम होगी। बारिश ने तेंदूपत्ता की क्वालिटी भी खराब कर दी है, जिससे इसकी खरीदी में खनन डाल दिया है, क्योंकि बारिश की वजह से तेंदूपत्ता की क्वालिटी पर इसका असर दिखाई दे रहा है। इस वजह से अनुमान लगाया जा रहा है कि इस साल तेंदूपत्ता की खरीदी भी प्रभावित हो सकती है।

हालांकि वन विभाग का अमला पूरी तरह सक्रिय है और पूरा प्रयास कर रहा है कि लोगों को लाभ मिल सके ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं। वहीं, ठेकेदार बारिश की वजह से परेशान हो रहे हैं। यही वजह है कि ठेकेदार जानबूझकर कम खरीदी कर रहे हैं, जिससे उन्हें नुकसान कम हो। बार-बार मौसम खराब होने की वजह से तेंदूपत्ता फड़ भी ठीक तरीके से संचालित नहीं हो पा रही हैं। जिससे तेंदूपत्ता संग्राहकों के साथ वन विभाग को भी नुकसान होने का अंदेशा है। इससे निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में विभाग को कठिनाई आ रही है। इस वजह से खरीदी भी कम हो रही है। कुल मिलाकर मौसम की मार से तेंदूपत्ता की क्वालिटी और क्वांटिटी दोनों प्रभावित हो रही है।

## बलौदाबाजार सहित क्षेत्र में संग्राहकों को हो रहा नुकसान



### बारिश से क्वालिटी और क्वांटिटी प्रभावित

दरअसल आदिवासी बाहुल्य ब्लाक डौंडी में ग्रामीण संग्राहकों को हर साल लाखों रुपए की आय तेंदूपत्ता के जरिए होती रही है। बड़ी आय के जरिए महज 1 से 2 महीनों में तेंदूपत्ता संग्राहक हजारों रुपए की कमाई कर लेते हैं। इस साल भी उम्मीद थी कि तेंदूपत्ता से संग्राहकों को अच्छी कमाई होगी। लेकिन जिला सहित क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश की वजह से तेंदूपत्ता खराब हो रहे हैं। तेंदूपत्ता की क्वालिटी भी काफी गिरी है, इस वजह से संग्राहकों के द्वारा बिक्री किए जा रहे तेंदूपत्ता की क्वालिटी की वजह से रिजेक्ट हो रही है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के नवागांव के पास ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत हो गई। स्टेशन मास्टर के पाणीग्रही ने पुलिस को सूचना दी कि 13 मई को नवागांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### मुनक्का के ओवर डोज से महिला की मौत


**महासमुंद।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के नयापारा निवासी एक महिला की मुनक्का के ओवर डोज से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आशा साहू पति जोहन लाल साहू (50) निवासी नयापारा की तबियत मुनक्का के ओवर डोज से बिगड़ने लगी, इसके बाद आशा को इलाज के लिए अम्बेडकर अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना 12 दिसंबर 2023 की है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### तेज रफ्तार ट्रक पलटा

**महासमुंद।** तुमगांव थाना अंतर्गत गोपालपुर कांपा में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने बताया कि मामले में ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीडी 2552 के चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### योगेश्वर को मिली हजारीबाग की कमान

**महासमुंद।** स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य संगठन द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। 13 मई 2024 से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा झारखंड के हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। साथ में सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान भी विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के साथ हैं।



### बंजारा नायक समाज का महासम्मेलन कल

**बागबाहरा।** बंजारा नायक समाज कौड़िया परिक्षेत्र का वार्षिक सामाजिक महासम्मेलन 16 मई गुरुवार को भानपुर बागबाहरा में होगा। जिसमें समाज के आय व्यय प्रतिवेदन, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक विकास व विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं नवीन कार्यकारिणी का गठन भी होना है। जिसमें शिवरीनारायण (महासभा), फुलझर परिक्षेत्र, बोडा सांभर, खोलहाराज 1, 2 बलोदाबाजार, पाली, हसौद, किलकिला, तारा, छुरा परिक्षेत्र, रायपुर बॉडी आदि क्षेत्र के पदाधिकारीगण व कौड़िया परिक्षेत्र के मातृशक्तिगण, टांडा नायक,विभिन्न टांडा के सामाजिक बंधुओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### अवैध शराब बिक्री करते तीन गिरफ्तार

**महासमुंद।** पुलिस ने शराब के अवैध बिक्री पर कार्रवाई हुए अलग-अलग जगहो से तीन लोगों को पकड़ा है। जिसमे पटेवा थाना पुलिस ने ग्राम सरेकेल जाने का मार्ग झुमर तालाब के पास से शांता नायक पिता छेदीलाल (50) निवासी ढांक को 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को एवं बसना पुलिस ने श्मशान घाट के पास ग्राम भूकेल से आकाश पारेश्वर पिता विजय शंकर पारेश्वर (28) को 20 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 4 हजार रुपए के साथ और बलौदा पुलिस ने ग्राम जामपाली के घर बाड़ी से धरम सिंग सिदार पिता लक्ष्मण सिदार (51) को 3 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए के साथ पकड़ा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) क एवं 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## सफलता : भाटापारा पुलिस को मिली सफलता सूने घर को बनाता था निशान

# अंतर्राज्यीय चोर व खरीदार गिरफ्तार, जेवरात वाहन सहित 10 लाख का सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने सूने मकान में चोरी करने तथा चोरी का माल खरीदने वाले व्यापारी सहित 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह अंतर्राज्यीय चोरी सीसीटीवी कैमरे के फूटेज की लाश करने पर पुलिस गिरफ्त में आया। उड़ीसा निवासी इस अंतरराज्यीय चोर द्वारा विभिन्न जिलों में पिछले 10 वर्षों से लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि इस प्रकरण में 1 अंतरराज्यीय चोर को गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध उड़ीसा में चोरी के 8 तथा जिला रायपुर के सरस्वती नगर एवं थाना खमतराई में चोरी के 2 मामले दर्ज हैं।

थाना भाटापारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत घटित सिलसिलेवार चोरी के 5 मामलों का खुलासा किया गया है। पुलिस ने बताया कि चोर क्षेत्र में दिनभर घूमकर एवं रेकी करते हुए सूने मकान में चोरी को अंजाम दिया करता था। आरोपियों से सोने-चांदी के जेवर एवं गलाया गया सोना सहित कुल 8 लाख 46 हजार 600 रुपए का सामान बरामद किया गया है। आरोपी चोरी का माल एवं इससे मिले पैसों से आलीशान जिंदगी जीते था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा चोरी के पैसे से जमीन की खरीदी बिक्री भी की गई है, जिसकी जांच की जा रही है।

### सूने मकान में चोरी की घटना को देते था अंजाम

पुलिस टीम के लगातार प्रयासों एवं गहन छानबीन द्वारा चोरी करने वाले एक अंतरराज्जीय चोर संतोष कुमार राठौर को पकड़ा गया। यह चोर शातिर किस्म का है, जो सूने मकान की रेकी कर रात के समय मौका पाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। इस आरोपी के विरुद्ध उड़ीसा में कुल 8 अपराध दर्ज है। इसके साथ ही इस आरोपी को जिला रायपुर के थाना सरस्वती नगर में वर्ष 2022 एवं थाना खमतराई में वर्ष 2023 में भी चोरी के मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस प्रकार इस अंतरराज्जीय चोर के विरुद्ध चोरी के कुल 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से मनोवैज्ञानिक एवं कड़ाई से पूछताछ करने पर थाना भाटापारा ग्रामीण एवं भाटापारा शहर क्षेत्र अंतर्गत चोरी के कुल 5 मामलों का खुलासा किया गया है। आरोपी का मेमोरेंडम कथन लिया गया, जिसमें उसने चोरी करना एवं चोरी का माल आरोपी अक्षय कुमार वर्मा को बेचना स्वीकार किया। आरोपी चोरी का माल एवं इससे मिले पैसों से आलीशान जिंदगी जी रहे थे। आरोपियों द्वारा महंगे साधनों एवं भोग विलासिता के कई साधन चोरी से मिले पैसों से खरीदे गए थे, इनकी यही विलासता भरी जिंदगी इन आरोपियों को पकड़ने में पुलिस की सबसे बड़ी मददगार बनी।



### साढ़े 10 लाख के सामान जब्त

सोने-चांदी के जेवर, गलाया गया सोना कीमती लगभग 8,46,600 रुपए, रॉयल एनफील्ड बाइक कीमती 2.20 लाख बरामद किया गया है। कुल जब्त सामग्रियों की जुमला कीमत 10 लाख 66 हजार 600 रुपए आंकी गई है।

### रायल इनफील्ड बाइक का करता था उपयोग

पुलिस द्वारा आरोपियों से सोने चांदी के जेवर, गलाया गया सोना कीमती लगभग 8,46,600 बरामद करने में सफलता मिली है। चोरी करने वाला आरोपी बहुत शातिर है। वह सुने कमान की रेकी कर, रायल इनफील्ड बाइक से घटना स्थल में आता था तथा केवल लोहे की राड से मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देता था। आरोपी से ▶▶ शेष पेज 10 पर

### चोरों तक पहुंचने गठित की थी टीम

चोरी की इन सिलसिलेवार घटनाओं को रोकने एवं आरोपी चोर को पकड़ने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में घटना स्थल की जांच कार्रवाई, टेक्निकल इंट के आधार पर चोरी के आरोपियों की पता तलाश प्रारंभ की गई। इन सभी मामलों का खुलासा करने के लिए एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा, निरीक्षक अमित पाटले एवं निरीक्षक योगिताबाली, उप निरीक्षक ▶▶ शेष पेज 10 पर

### भाटापारा क्षेत्र के 5 घरों में किया चोरी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामकुमार नेताम निवासी मेहता नगर पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई था कि 25-26 फरवरी को घर से सोने चांदी का आभूषण एवं नगदी रकम किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रार्थी राजेश मिश्रा निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 4-5 मई को चोरों ने घर से चांदी का आभूषण चोरी कर लिए हैं। रिपोर्ट पर उक्त धारा कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रार्थी संतोष सिंह निवासी लक्ष्मी अपार्टमेंट खोलवा भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 10 मार्च की रात घर से सोने चांदी का आभूषण एवं नगदी रकम किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने उक्त के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रार्थी दुर्गेश ठाकुर निवासी पटपर भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की 20-21 अप्रैल को घर से सोने-चांदी का आभूषण एवं नकदी रकम किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने अपराध दर्ज किया था।

प्रार्थी सम्यम द्विवेदी निवासी पटपर कॉलोनी न्यायालय परिसर भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20-21 अप्रैल को कोई अज्ञात आरोपी घर अंदर चोरी करने की नियत से घुसा था। पुलिस ने धारा 457, 511 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

# 46 लीटर शराब जब्त तीन युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

जिला मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान एवं अतिरिक्त पुलिस के मार्गदर्शन में थाना गिधौरी एवं चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली की भैंसामुड़ा सबरिया डेरा एवं गिरौदपुरी में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर, शराब कोचियों द्वारा बिक्री की जा रही है।

- पुलिस ने भैंसामुड़ा सबरिया डेरा में एक साथ मारा छापा

सूचना पर विशेष अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले तीन शराब कोचियों राजू गोंड पिता धनीराम गोड़ 23 वर्ष निवासी भैंसामुडा सबरिया डेरा टुण्ड्रा थाना गिधौरी, नरेश पटेल पिता छतराम पटेल 33 वर्ष निवासी ग्राम गिरौदपुरी चौकी गिरौदपुरी और धीर सिंह पटेल पिता खोलबहरा पटेल 60 वर्ष निवासी ग्राम गिरौदपुरी चौकी गिरौदपुरी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से कुल 9200 रु कीमत मूल्य का 46 लीटर महुआ शराब जब्त कर उनके विरुद्ध थाना गिधौरी में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। शराब कोचियों की धरपकड़ में थाना प्रभारी गिधौरी निरीक्षक केसी दास एवं सहायक उप निरीक्षक सुनील खूंटे, प्रधान आरक्षक नरेश खूंटे, आर सुजीत तम्बोली, विजय मिलन एवं चौकी गिरोधपुरी से प्रधान आरक्षक जितेंद्र साहू, आर लखेश्वर पुरैना एवं महिला आरक्षक कंवरिया पैकरा का विशेष योगदान रहा।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिका का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वाले शिक्षकों को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिले के प्राथमिक शाला रवान की शिक्षिका सालिनी कश्यप को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि सालिनी कश्यप द्वारा स्कूल तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये लगातार नवाचारी शिक्षिका के रूप में कार्य किया जाता रहा है।



## एक्सप्रेस-वे, केनाल लिंक रोड की सफाई

**रायपुर।** निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को शंकरनगर के शहीद भगत सिंह चौक के पास एक्सप्रेस-वे मार्ग, डूमरतराई, फुंडहर चौक, केनाल लिंकिंग रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित मार्ग में उग आई झाड़ियों की सफाई कराकर मार्ग को सुव्यवस्थित करने अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही रोड डिवाइडर में आवश्यक रंग-रोगन कराकर उसे साफ-सुथरा रखने हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, राजेश राठौर, संजय वर्मा उपस्थित रहे।

# आत्मानंद में प्रवेश के लिए निकाली गई लाटरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिमगा में नये सत्र कक्षा पहली में एडमिशन के लिए लॉटरी प्रक्रिया विद्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। इसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा एसके गेंदले एवं अभिभावकगण की उपस्थिति में लाटरी निकाली गई। इसमें महतारी दुलार योजना के तहत दो सीट आरक्षित, 50 प्रतिशत महिला आरक्षण के तहत, 25 प्रतिशत बीपीएल तथा 25 प्रतिशत अनारक्षित सीटों पर लॉटरी की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। कार्यक्रम में बीईओ गेंदले तथा प्राचार्य द्वारा सभी चयनित छात्र-छात्राओं को तथा अभिभावकों को शुभकामनाएं दी गई।



## 5 वर्ष के बच्चों और विशेष पिछड़ी जाति के लोगों का आधार कार्ड बनेंगे

# राशनकार्ड नवीनीकरण में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 0 से 5 वर्ष के बच्चों और विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों का आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक कैंप लगाने के निर्देश भी दिए। मलिक ने लंबित समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने किसान सम्मान निधि अंतर्गत लक्ष्य की पूर्ति के लिए कृषि विभाग को अधिक से अधिक किसानों को आवेदन करने के निर्देश दिए। इसी तरह एक हेक्टेयर से कम भूमिधारक किसानों को केसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीमांत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिलाया जाए, जिससे वे कम दर पर ऋण प्राप्त कर सके। इसके अलावा राशन कार्ड नवीनीकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को जून माह से दिव्यांगों के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। जिसमें दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में पात्र सभी दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाना है। इस तरह श्रम विभाग में भगिनी प्रसूति योजना अंतर्गत पेंडिंग आवेदनों को आचार संहिता हटने के पश्चात स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही वन अधिकार पत्रों का पोर्टल में शीघ्रता से एंट्री करने के निर्देश दिए। वहीं विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए राजस्व अधिकारियों को स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक लेकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पुराने अनुपयोगी सामग्रियों का नियमानुसार अपलेखन करना भी सुनिश्चित करें। बैठक में सभी जिला अधिकारी मौजूद थे।



## डाक अदालत 20 को

**रायपुर।** अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर द्वारा 20 मई को डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रायपुर गंज उप डाकघर परिसर में स्थित कार्यालय में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। इस डाक अदालत में डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा करके उनका समाधान किया जाएगा। संभाग स्तर पर डाक अदालत का 21 मई को सुबह 11 बजे आयोजन किया जाना निश्चित किया गया है। डाक सेवाओं से संबंधित समस्त शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजनाएं (आरडी, बचत बैंक, बचत पत्र इत्यादि) रजिस्ट्री, मनीआर्डर, वीपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, मनीआर्डर, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान डाक अदालत में किया जाएगा।

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप




### सिमगा में भागवत कथा जारी

**सिमगा।** नगर के शक्ति कान्वेंट स्कूल में भागवत कथा का आयोजन जारी है। कथा के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास तुरीयानंद महाराज द्वारा दैत्य हयग्रीव का वध करने भगवान विष्णु के अवतार के बारे में बताया। कथा में उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने 10 हजार वर्षों तक भीषण युद्ध किया। कथा सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गये।

### नक्सल मुठभेड़ की जांच के लिए कांग्रेस ने बनाई समिति

**रायपुर।** बीजापुर के पीडिया में हुए नक्सली मुठभेड़ की जांच के लिए कांग्रेस ने पूर्व विधायक संतराम नेताम की अगवाई में आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जारी आदेश में कहा है कि जांच समिति के सदस्य घटनास्थल का दौरा कर ग्राम वासियों से घटना के संबंध में पूरी जानकारी लेकर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देंगे। कांग्रेस ने घटना में निर्दोश ग्रामीण आदिवासियों को गोली मारने की गंभीरता से लिया है। समिति में संतराम नेताम को संयोजक बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में इंद्रशाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनकराम ध्रुव, सावित्री मंडावी, देवती कर्मा, रजनू नेताम और शंकर कुडियाम को शामिल किया गया है।

### अहाता आवंटन में बड़ा घोटाला शराब बिक्री बढ़ाने में लगी सरकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, एयर कूल्ड अहाते बनाकर शराब बिक्री को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अहाते आबंटन में बड़ा घोटाला साय सरकार ने किया है। अहातों के नाम पर सरकार शराब की काली कमाई में लगी हुई है। पूरे प्रदेश में कुछ लोगों को चिन्हांकित कर अहाते आंबटित किये गये हैं। एक ही ईमेल आईडी से दर्जनों अहाते के टेंडर डाले गये, उसकी स्वीकृत भी हुई है। प्रभावशाली भाजपा नेताओं की अनुशंसा पर अहाते आबंटित किये गये हैं। भाजपा सरकार के राज में शराब की कोचियागिरी शुरू हो गयी है।

### भगवानू बने पत्रकार महासंघ के विधिक सलाहकार

**रायपुर।** पत्रकार महासंघ की जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव के निर्देशानुसार हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष पंकज दास, महासचिव दुलारे अंसारी सहित समस्त सदस्यों की सर्वसम्मति से पत्रकार महासंघ का विधिक सलाहकार अधिवक्ता भगवानू नायक को नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे स्वीकार करते हुए पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा अधिवक्ता श्री नायक को विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया।



# मन में शांति और समाज में क्रांति लाने वाला शास्त्र है श्रीमद् भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विकासखंड के वनांचल ग्राम झरनीडीह में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन राम साहू, चंद्रिका देवी साहू एवं उनके परिवार द्वारा विश्व कल्याण के लिए 19 मई तक आयोजित किया गया है। कथा का समय दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक नियत है। सरायपाली की कथावाचिका प्रियंका त्रिपाठी श्रीमद्भागवत कथा का रसास्वादन करा रही हैं। कथा स्थानीय बोली में कही जा रही है, ताकि कथा सुनने वालों के समझ में आ सके। कथा आयोजक श्रीराम साहू वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी निवासी ग्राम झरनीडीह ने बताया कि 13 मई को कलश यात्रा प्रातः 9 बजे निकाली गई। इसके बाद यथा समय श्रीमद्भागवत रूपी अमृत कथा का शुभारंभ हुआ। 14 मई को शिव पार्वती विवाह हुआ। इसी तरह 15 मई को ध्रुव प्रहलाद चरित्र, 16 को वामन अवतार श्रीराम जन्म श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 17 को श्रीकृष्ण की बाल लीला गोवर्धन पूजा 56 भोग, 18 को रासलीला रुक्मणी मंगल, 19 मई को सुदामा चरित तुलसी वर्षा पूर्णाहुति भंडारा के साथ कथा विश्राम लेगी। कथा आयोजक श्रीराम साहू, चंद्रिका देवी साहू एवं कथावाचिका प्रियंका त्रिपाठी ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर इस कथा का लाभ उठाने अपील की है।

## झरनीडीह में सात दिवसीय भागवत कथा कलश यात्रा के साथ हुई शुरू




### श्रीमद् भागवत स्वयं भगवान के मुख से निरूसृत कलिकाल का पंचम वेद है

कथावाचिका प्रियंका त्रिपाठी ने कहा श्रीमद् भागवत स्वयं भगवान के मुख से निरूसृत कलिकाल का पंचम वेद है। यह व्यक्ति को शांति एवं समाज को क्रांति देने वाला एकमात्र शास्त्र है, जो मानव जीवन में विशुद्ध प्रेम की स्थापना करते हुए मृत्यु को भी मंगलमय कर देता है और जीव को काल के भय से मुक्त कर देता है। श्रीमद्भागवत आध्यात्मिक रस वितरण की सार्वजनिक प्याऊ है, जिसमें ज्ञान वैराग्य और भक्ति का अनूठा संगम है। परम सत्य की अनुभूति कराते हुए नर को नारायण पद प्राप्त कराने का उत्तम सोपान है श्रीमद्भागवत। तीनों प्रकार के तापों से मुक्ति का आश्रय है भागवत। जो तन के रोगों से पीड़ित हैं, मन के विकारों से ग्रसित है और धन के भय से आक्रांत है, ऐसे जीवों के लिए भागवत साक्षात कल्पवृक्ष है। स्कन्ध पुराण में वर्णित है– धनम् पुत्रंस्तथा दारान वाहनादि यथो गृहान। असापत्न्यं च राज्यं च द द्याद भागवती कथा। अर्थात भागवत की कथा धन पुत्र स्त्री वाहनादि यश मकान और निष्कंटक राज्य भी दे सकती है, किंतु निष्काम प्रेमियों के लिए कलयुग में साक्षात श्रीकृष्ण की प्राप्ति कराने वाला और नित्य प्रेमानंद रूप फल प्रदान करने वाला है।

## रिजल्ट : बेहतर परिणाम से जिले में स्कूलों का क्रेज बढ़ा

# छात्रों को लगन और संघर्ष से मिली सीबीएसई की परीक्षा में सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

विद्यार्थियों की साल भर की कड़ी मेहनत व लगन का परिणाम उस एक दिन को उद्बोधित करता है जिस दिन उनके वार्षिक शैक्षणिक परीक्षा परिणाम जारी किया जाता है। इसका इंतजार हर एक विद्यार्थियों को बड़ी उत्सुकता से होता है और अगर परिणाम सर्वश्रेष्ठ हो तो वह निश्चय ही यह सफलता प्रशंसा के काबिल होती है ।

विद्यार्थियों की ऐसी ही कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम डीएवी खम्हरिया में दिखा, जहां कक्षा 12वीं के छात्र गजेंद्र कुमार चंद्रा, पिता संतोष चंद्रा ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व आकाश भारद्वाज, पिता कैतराम भारद्वाज ने 68.2 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर अपना नाम दर्ज किया।

कक्षा दसवीं की छात्रा श्रेया केशरवानी पिता प्रदीप केशरवानी ने 92 प्रतिशत प्रथम स्थान व विपिश खांडेकर पिता विश्वनाथ खांडेकर ने 91.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया।









### ज्योति सेन ने अर्जित किए 91 प्रतिशत अंक

**हिरमी-रावन।** बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह में अध्ययनरत ज्योति सेन ने कक्षा 10वीं में 91.83 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपने सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजनों को देते हुए कहा कि आज मेरा प्राप्तांक इतना अच्छा केवल और केवल मेरे शिक्षकों के सुनियोजित शिक्षण और उनके द्वारा मेरे प्रति सहयोग से प्राप्त हुआ है। यह काम बिना मेरे माता पिता के सहयोग मेहनत और उनके द्वारा मुझे आगे बढ़ने के प्रोत्साहन किया जाना है। मिली सफलता पर शाला परिवार एवं परिजनों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्योति सेन ग्राम जारा निवासी सरजू सेन की पुत्री है।



### डीएवी पब्लिक स्कूल में खुशी ने किया टाप



**पलारी।** डीएवी पब्लिक स्कूल सकरी में सीबीएसई कक्षा 12वीं मैथ्स की छात्रा खुशी वैष्णव ने 86 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजन और अपनी कड़ी मेहनत को दिया हैं। खुशी अपने मेहनत के बदौलत प्रत्येक परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन की है। इस उत्कृष्ट सफलता के लिए परिवार व शाला प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### आईसीएसई के परीक्षा परिणाम में विधि को मिले 93.8 प्रतिशत अंक



**खरोरा।** कार्मल पब्लिक स्कूल तुलसी की छात्रा विधि वर्मा ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा 10वीं में 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल तथा नगर को गौरवान्वित किया है। छात्र मूल ग्राम सिनोधा व वर्तमान में श्यामनगर कालोनी तिल्दा की निवासी है। छात्रा के पिता योगेश वर्मा मिडिल स्कूल सतभांवा व माता उत्तरा वर्मा मिडिल स्कूल बहेसर में शिक्षक है। छात्रा के माता पिता ने बताया है कि उनका लक्ष्य डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना है। कार्मल स्कूल के प्राचार्य सिबा सिस्टर ने कहा है कि छात्रा शुरू से स्कूल में होनहार रही है। छात्रा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं, माता–पिता को दिया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। प्राचार्य, शिक्षक, तिल्दा के नगरवासी, ग्राम सिनोधा के नागरिकों ने शुभकामनाएं दी है।

### अभी ने मेरिट सूची में बनाया स्थान



**भाटापारा।** भाटापारा दाल मिल व्यवसाई अनिल अग्रवाल के पोते अभी अग्रवाल ने अंबुजा स्कूल से 96.8% अंक प्राप्त कर मेरिट में स्थान बनाया। वह अमित अग्रवाल और सुभी अग्रवाल का पुत्र है। मेरिट में स्थान प्राप्त होने पर अग्रवाल सामाज ने बधाई दी।

# स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आईएएस वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू ने जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ के परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम के बाहर की सुरक्षा व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी ने सीसीटीवी कैमरा के संचालन और रजिस्टर में आगंतुक अधिकारियों राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, प्रत्याशियों के विगत दिनों में किए गए निरीक्षण का अवलोकन किया।

अधिकारियों को परिसर का सुरक्षा कर रहे 33वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवंटी कांकेर के निरीक्षक रमेश कुमार जाखड़ ने परिसर की ड्यूटी के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी एसडीओ विग्नेश कुमार भी उपस्थित थे।

## बच्चों का दिया जा रहा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण







**खरोरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली के व्यावसायिक विषय ऑटोमोबाइल के बच्चों द्वारा ग्रीष्मकालीन ऑन जाब ट्रेनिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए बच्चों को अपने नजदीक सर्विसिंग सेंटर में प्रशिक्षण लिया जाना है, बच्चों द्वारा अपने नजदीक के सर्विसिंग सेंटर चेतन ऑटो पाट्र्स, अश्वनी शर्मा ऑटो पाट्र्स, प्रेम ट्रैक्टर और मोटर्स और करण ऑटो पाट्र्स बच्चों द्वारा ऑन जॉब ट्रेनिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शाला परिवार इस सहयोग के लिए आभार अभिव्यक्त किया है।

## राजेंद्र के सेवानिवृत्ति पर स्कूल प्रबंधन ने दी विदाई

**भाटापारा।** नगर के इतवारी राम यादव शासकीय बहु उद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 39वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त पर व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र कुमार सोनी को विद्यालय की ओर से विदाई दी गई। ज्ञात हो कि श्री सोनी सन 1990 से विद्यालय में बतौर शिक्षक पश्चात पदोन्नति पर व्यायाम शिक्षक के रूप में सेवा दिये। सन 2021 से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा में प्रभारी सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी के पद भी सेवा दी। उन्होंने शिक्षा विभाग में सेवा शासकीय पूर्व माध्य विद्यालय गुर्रा से सन 1985 में प्रारम्भ की। विदाई कार्यक्रम में प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा, सेवानिवृत्त व्याख्याता एसएल ध्रुव, नारायण प्रसाद साहू, पूनम साव, दीपक मिश्रा, उभय कुमार साहू, नितीश नारंगे, मनीषा सेन एवं सेवानिवृत्त भृत्य कौशिल्या निषाद ने गुलाल लगा कर व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। पश्चात श्रीफल व शाल तथा भेंट स्वरूप उपहार प्रदान कर उज्वल भविष्य की कामना की।



## शिव महापुराण के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर में शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यजमान के घर ग्रामीण बैंक के सामने से निकाल कर बस स्टैंड, गायत्री मंदिर, साई मंदिर चौक, शीतला चौक स्थित बड़े तालाब में जल भरकर देवांगन मोहल्ला होते हुए कथा स्थल पहुंची, जहां कथा वाचक पं. प्रेमशंकर चौबे द्वारा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शिवभक्तों को कथा सुनाई जाएगी। पं. चौबे ने बताया कि शिव महापुराण कथा के श्रवण से एक जन्म का ही नहीं, बल्कि पिछले कई जन्मों का पाप धुल जाता है। यह आयोजन पायल व प्रशांत मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा किया जा रहा है।

## इंजीनियर पाटले से सामाजिक पदाधिकारियों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

मुंबई में निवासरत इंजीनियर एचआर पाटले से सामाजिक पदाधिकारियों ने मुलाकात कर सतनाम संदेश पत्रिका एवं वैवाहिक पत्रिका भेंट किया। विदित हो कि श्री पाटले लम्बे समय से मुंबई में रहकर विविध भारती ब्राडकास्ट दुर्दर्शन में कार्यरत हैं और सतनामी समाज महाराष्ट्र के अध्यक्ष हैं। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने मुलाकात के दौरान सामाजिक विषय पर चर्चा की। साथ ही दोनों प्रदेश के सामाजिक पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद भतपहरी, प्रदेश संरक्षक विनोद भारती, गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के महासचिव और प्रसिद्ध साहित्यकार डा. जेआर सोनी एवं कोषाध्यक्ष जीआर बाघमारे, राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अनिल भतपहरी, प्रगतिशील संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरिजा पाटले, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अश्वनी बबलू त्रिवेंद्, संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बंजारे, कुलदीप जांगड़े, आजीवन सदस्य आरके पाटले, अश्वनी रात्रे, पलारी ब्लाक के उपाध्यक्ष बसंत जांगड़े, सेवाराम कुर्रे, कार्यालय प्रभारी कृष्ण कुमार कोशले एवं सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने एचआरपाटले को सतनाम संदेश पत्रिका एवं वैवाहिक पत्रिका बंधन भेंटकर स्वागत वंदन किया।




# शिक्षक कांग्रेस संघ ने की बीईओ से मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संघ विकासखण्ड शाखा बिलाईगढ़ एवं जिला शाखा सारंगढ़–बिलाईगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर ब्लॉक में कार्यरत शिक्षक संवर्गों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा किया और ज्ञापन सौंपा। संघ की प्रमुख मांगों में सातवें वेतनमान के लम्बित एरियर्स की राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाए, सेवा पुस्तिका, जीपीएफ, पासबुक संधारण का कार्य समस्त शिक्षक संवर्गों का अविलंब पूर्ण कर संबंधित कर्मचारियों को इसकी सूचना देते हुए की गई कार्यवाही से संघ को अवगत कराया जाए, समयमान वेतनमान के लिए संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर द्वारा जारी आदेशों के अनुसार पात्र शिक्षकों को त्वरित भुगतान करने, शेष पात्र शिक्षकों का प्रस्ताव अविलंब तैयार कर उच्च कार्यालय को प्रस्तुत करने सहित अन्य मांगों के बारे में चर्चा की गई।

शिक्षक एलबीसंवर्ग केजी पीएफ पासबुक संधारण करने के लिए समस्त डीडीओ को आदेशित किया गया था, परंतु विकासखंड बिलाईगढ़ में इस कार्य की प्रगति अब तक शून्य है। अतः शिक्षक एलबी संवर्ग के जीपीएफ पासबुक संधारण का कार्य प्रारंभ कर अविलंब पूर्ण कराया जाए एवं विकासखंड बिलाईगढ़ अंतर्गत शिक्षा विभाग के समस्त डीडीओ को निर्देशित किया जाए।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ एसएन साहू ने सातवें वेतनमान के एरियर्स राशि का भुगतान एक सप्ताह के भीतर कर दिए जाने का आश्वासन प्रतिनिधि मंडल को दिया, उन्होंने आगे कहा कि इसका देयक तीन–चार दिनों के भीतर तैयार कर उप कोषालय में जमा कर दिया जाएगा। संघ के ज्ञापन में वर्णित अन्य मांगों के संबंध में भी समय सीमा के भीतर शीघ्र कार्यवाही करने की बात कही।

